22 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 1/22/2024 10:00 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


2 पासंग नाला पर श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन



## खबर संक्षेप

### भारतीय वायु सेना में भर्ती हेतु ऑनलाइन 6 फरवरी तक

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कि भारतीय वायुसेना भर्ती में आवेदन करने की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य के केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष ऑनलाईन आवेदन 6 फरवरी 2024 तक कर सकते हैं। अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथि 17 मार्च को आयोजित की जाएगी। ऑनलाईन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए उम्मीदवार 6 फरवरी तक वायुसेना के वेबसाईट अग्नि पथ वायु डॉट सीडीएसी डॉट इन में जाकर पंजीयन कर सकते हैं। वायु सेना भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त केन्द्रीय अथवा राज्य की शिक्षा बोर्ड से इंटरमीडिएट या समकक्ष गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय अथवा त्रिवर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण या अन्य संकाय के उम्मीदवार इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा 50 प्रतिशत अंको एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक सहित उत्तीर्ण होना चाहिए। उम्मीदवार की जन्म तिथि 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के बीच की होनी चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई पुरूष के लिए 152.50 सेंटीमीटर तथा महिला के लिए 152 सेमी, सीना पुरुष आवेदकों के लिए 77 सेमी. एवं फुलाने पर 82 सेमी, महिला आवेदक के लिए समानुपात में वजन ऊंचाई एवं आयु के समानुपात में, सामान्य श्रवण क्षमता, दृष्टि क्षमता एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन के लिए कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण करना होगा। उत्तीर्ण उम्मीदवार को 4 वर्ष के लिए चयन किया जाएगा।

### गांधी स्टेडियम में मनाया गया दीपोत्सव, जमकर हुई आतिशबाजी, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# सरगुजा में मनी दीपावली, एक साथ प्रज्वलित हुए 1 लाख दीप



रामगढ़ में भगवान राम की विशाल प्रतिमा के समक्ष 51 सौ दीप प्रज्जलित करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर सरगुजा में जमकर दीपावली मनी। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर के गांधी स्टेडियम के एक लाख दीप प्रज्वलित करने के साथ ही जमकर आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही गांधी स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध गायक किशन भगत ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी वहीं लेजर शो के माध्यम से भगवान राम के जीवन का चित्रण किया गया जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर सहित जिले भर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। रामभक्त पखवाड़े भर से कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां कर रहे थे। इस दौरान शहर के गांधी स्टेडियम में एक लाख दीप प्रज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया था। शहर की प्रमुख सड़कों, चौक चौराहों को भगवा रंग से सजाया गया इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। गांधी स्टेडियम में प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाने के लिए 21 जनवरी को ही अखंड रामायण पाठ की शुरुआत की गई थी जो आज पूर्णाहुति के साथ समाप्त हुई। इसके साथ ही सुबह से ही दीप प्रज्वलन को लेकर मातृशक्तियां गांधी स्टेडियम में पहुंचनी शुरू हो गई थी। शाम चार बजे तक गांधी स्टेडियम की दर्शक दीर्घा श्रद्धालुओं से पूरी तरह भर गई थी। देर शाम राम मंदिर से निकली शोभा यात्रा भी गांधी स्टेडियम पहुंची जहां शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शाम 6 बजे गांधी स्टेडियम में एक हजार से अधिक मातृ शक्तियों द्वारा 1 लाख दीप एक साथ प्रज्वलित किए गए। दीप प्रज्वलन के उपरान्त गांधी स्टेडियम जगमगा उठा। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को दीपावली के रूप में मनाया गया और जमकर आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी का सिलसिला गांधी स्टेडियम सहित शहर में देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पूरा स्टेडियम ग्राउंड श्रद्धालुओं से भरा हुआ था।




### लेजर शो व भजन संध्या में उमड़ी भीड़

आयोजन समिति द्वारा गांधी स्टेडियम में दीप प्रज्वलन उपरान्त दिल्ली से आए लेजर लाइट शो टीम द्वारा भगवान राम की छवियों और उनकी लीलाओं को प्रदर्शित किया गया जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान पूरा स्टेडियम जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक किशन भगत द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुनों पर झूम उठे। भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ गायक किशन भगत ने भजनों की प्रस्तुति दी। कड़ाके की ठण्ड के बीच श्रद्धालु भक्ति कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान गांधीन स्टेडियम का मैदान व पवेलियन में लोगों की भीड़ मौजूद थी। लोगों ने एक-दूसरे को प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देने के साथ ही खुशियां मनाई



### मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ निकली शोभायात्रा

**रामानुजनगर।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे रामानुजनगर क्षेत्र भक्तिमय वातावरण के साथ लोगों भारी उत्साह रहा है। जगह जगह मंदिर, देवालयों में भजन कीर्तन, अखंड हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, भागवत कथा के साथ भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर रामानुजनगर लक्ष्मी नारायण मंदिर चांदनी चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर में समाप्त हुआ। हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। पटना शिव मंदिर में सुंदरकांड पाठ के भंडारा ,कैलाशपुर, कल्याणपुर शिव मंदिर में पूजा पाठ ,भंडारा, पतरापाली हनुमान मंदिर में पूजा पाठ भंडारा एवं शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच लोगों में भारी उत्साह देखा गया और जमकर आतिशबाजी व पटाखें फोड़ कर खुशी मनाई।



शोभायात्रा के दौरान रामधुन पर झूमती श्रद्धालु महिलाएं।





since2009

ISO 9001- 2015

Sure Smile — आपकी मुस्कान हमारी पहचान

मनुष्य के एक दांत की कीमत एक हीरे से कही ज्यादा है

**श्योर स्माइल**

दंत चिकित्सालय एवं ऑर्थोडोन्टिक सेन्टर

09179880085, 09407995721

**डॉ. ए.के. दुबे**

बी.डी.एस.(पटना) दंत चिकित्सक एवं सर्जन

एम.बी.ए. (अहमदाबाद) हॉस्पिटल मैनेजमेंट

रजि नं.- 277/A

Email: anujdubey@yahoo.com

**डॉ. अंकित दुबे**

बी.डी.एस.(ग्वालियर)

दंत चिकित्सक एवं सर्जन

रजि न.- CGDC/G/20/3345

Email: dankit040@gmail.com

मिशन चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर (छ.ग.)

समय : सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक, रविवार बंद

## खबर संक्षेप



### शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा, शिकायत पर भी कार्यवाही न होने से नाराजगी

**बिश्रामपुर।** शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लटोरी के भंडारपारा में पिछले एक डेढ़ महीने से गांव के ही ललित राजवाड़े, हेमसाय राजवाड़े कुंद लाल व अन्य लोगों द्वारा स्कूल मैदान हेतु आरक्षित शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। गांव के राजेश रजक, ठेलू, कैलाश व अन्य लोगों द्वारा मामले की शिकायत लटोरी तहसीलदार से की गई है। साथ ही ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा में भी उक्त अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई की मांग की जा चुकी है, बावजूद इसके आज पर्यंत अतिक्रमण कारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द ही विभागीय अधिकारियों द्वारा मामले में कार्रवाई न किए जाने पर कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई जाएगी। शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर कार्यवाही न होने से विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### एसईसीएल आवास आबंटन में गड़बड़ी का आरोप एचएमएस महामंत्री ने दिया आत्मदाह का नोटिस

**बिश्रामपुर।** कोयला मजदूर सभा एच एम एस के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने एस ई सी एल आवास आबंटन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जारी सूची को निरस्त करने की मांग की है ,अन्यथा आगामी 24 जनवरी बुधवार शाम चार बजे से आमरण अनशन तत्पश्चात 26 जनवरी को ध्याजरोहण के बाद दोपहर को आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।गौरतलब है कि एसईसीएल बिश्रामपुर में आवास आबंटन प्रक्रिया में कम्पनी प्रबंधन पर गड़बड़ी का आरोप लगाकर श्रमिक यूनियन एच एम एस ने क्षेत्रीय प्रबंधन को गत 29 दिसंबर 2023 को ज्ञापन सौंपते हुए एस ई सी एल प्रबंधन द्वारा जारी आवास आबंटन सूची को निरस्त किए जाने की मांग की थी, उक्त मामले पर प्रबंधन ने बीस दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी मामले में आज पर्यंत किसी प्रकार का निर्णय नहीं ले सकी है। अब एच एम एस के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने 24 जनवरी को आमरण अनशन पर बैठने के बाद 26 जनवरी को आत्मदाह करने का नोटिस देकर कम्पनी प्रबंधन पर दबाव बनाने का प्रयास किया है।

## निधन

### श्रीमती किरण फिलिप

**अम्बिकापुर।** शहर के महुआ पारा निवासी श्रीमती किरण फिलिप का 22 जनवरी को निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थी और लम्बे समय से अस्वस्थ चल



रही थी। वे कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अनुपम फिलिप की माता थी। उनका अंतिम संस्कार 23 जनवरी को किया जाएगा। अंतिम यात्रा मंगलवार की दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से तेईस एकड़ कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे राजेश फिलिप, सौरभ फिलिप, अभिषेक फिलिप, आशीष फिलिप, अभिजीत फिलिप की बड़ी मां थी। वे अपने पीछे नाती पोतों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### सतनाम सिंह (सत्ते )

**बिश्रामपुर।** जरही निवासी ढाबा व्यवसायी सतपाल सिंह उर्फ़ सत्ते का 52 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान निधन हो गया, वे पिछले कुछ दिनों से किडनी



की बीमारी से जूझ रहे थे, रायपुर के एक निजी अस्पताल में इनका इलाज चल रहा था जहां सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली, उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को भटगांव स्थित मुक्ति धाम में किया जायेगा, वे रिटायर्ड कोल कर्मी स्वर्गीय जोगिंदर सिंह के सुपुत्र व गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी भटगांव के कोषाध्यक्ष थे, वे अपने पीछे एक पुत्र, पत्नी,बहन व माँ समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गये हैं।

### चांदो चौक स्थित हनुमान मंदिर में किया गया जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

# अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की शुभ घड़ी के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु



रामायण पाठ में शामिल जनप्रतिनिधि व अधिकारीद्व



कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/रामानुजगंज

अयोध्या में हुए श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अलौकिक पल के जिलेवासी साक्षी बने। चांदो चौक स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर आर एक्का, एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिपं सीईओ श्रीमती रेना जमील व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर जिले वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर रामायण मंडलियों द्वारा भक्तिमय राम भजन की प्रस्तुति की गई। जिसमें श्रोतागण राम भक्ति में झूमते नजर आए। जिला प्रशासन द्वारा अयोध्या में हुए श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को देखने के लिए लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी, जिसको देखने सभी अतिथि एवं नागरिक शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर के गर्भ गृह में किए गए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का अलौकिक लाइव प्रसारण देखा और प्रभु श्री राम के बाल्यरूप के अलौकिक छवि का दर्शन किया। जिले वासी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुबह से ही उत्साहित रहे। कलश यात्रा में प्रभु श्रीराम के जय कारे के बीच प्रभु राम, मां सीता, अनुज लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान की वेशभुषा धारण किए हुए छात्र-छात्राएं विशेष आकर्षण का केन्द्र बने। प्रभु राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर पूरा जिला मुख्यालय राम मय हो गया। इस पावन दिवस पर नगर के सभी चौक चौराहों को भगवा ध्वज से सुसज्जित किया गया था। वहीं विगत रात्रि से ही मुख्यालय के सभी मुख्य मंदिर भजन कीर्तन से गुंज रहे थे।

### गांव-गांव, शहर-शहर हुआ राम भक्ति में सराबोर

श्री राम जन्म भूमी अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में राम लला विराजमान हुए इस अद्भुत अलौकिक व अविस्मरणीय पल का साक्षी बनने के लिए लोग सदियों से आतुर थे अंततः आज वो शुभ घड़ी आ ही गयी जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों के मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अयोध्या से हुए लाइव प्रसारण को देखा गया तथा स्थानीय रामायण मण्डली द्वारा रामायण की भक्तिमय प्रस्तुति दी गई। इसी तरह शहर एवं गांव के राम मंदिर समितियों द्वारा भी राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया। शाम को दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

अयोध्या में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला नगर के नन्हे बच्चों ने रामचरितमानस के अंश से परिपूर्ण होकर रामलीला की जीवंत भक्तिमय भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे नगर की महिलाओं सहित अन्य इच्छुक लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए। कलश यात्रा हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर पुराना कलेक्ट्रेट चौक, पुराना बस स्टैंड से होकर गुजरी जिसका नगरवासियों ने आत्मीय स्वागत किया राम लक्ष्मण, सीता और हनुमान का रूप धारण किये हुए बच्चों का तिलक वंदन कर आरती की गई।

### राम मय हुआ नगर, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य तथा रामलला के विराजमान होने की खुशी में बजरंग दल द्वारा क्षेत्र के मंदिरों में भव्य आयोजन किया। बजरंग दल के कई कार्यक्रम से नगर राम मय हो गया और क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु



पूजा-अर्चना करने पहुंचे। विदित है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में बजरंग दल द्वारा काफी दिनों से तैयारी शुरू कर दी थी। जिसमें श्रीराम रथ का निर्माण कराया गया था जो रामानुजगंज से लगे आसपास के क्षेत्र में जाकर राम नाम का अलग जगाया एवं रामलाल के विराजमान होने के अवसर पर रामानुजगंज शहर के सभी मुख्य मार्ग में विशाल रंगोली बनाया तथा भगवा ध्वज लगाकर नगर को सुसज्जित किया। श्रीराम मंदिर प्राचीन हनुमान मंदिर एवं सहित अन्य मंदिरों में भव्य आयोजन किया गया। आयोजन एवं मंदिर की व्यवस्था में बजरंग दल ने बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन द्वारा लाइव प्रसारण कर राम भक्तों को अयोध्या धाम का दर्शन कराया। मंदिरों को पुष्प से सजाकर सुसज्जित किया एवं प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात सभी राम भक्तों को भंडारे के माध्यम से महाप्रसाद वितरण किया गया। संध्याकालीन महाआरती आयोजन किया जा रहा है।इस दौरान जस्सू केसरी, अंकित कलवार, नयन गुप्ता, आशीष चौबे, सुशील मेहरा, नेहाल कश्यप, सूरज कश्यप, विद्यासागर पटेल, अमित पासवान, आकाश ठाकुर, हर्ष सोनी, सौरभ श्रीवास्तव, हरिनन्द ठाकुर, पप्पू यादव, निशांत ठाकुर, विशाल कश्यप, रंजन शर्मा, दीपक ठाकुर, ऋषि पासवान, हर्षित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

### श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर राम भजन में झूमे श्रद्धालु

**रनहत।** श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा पर रनहत में राम भजन का आयोजन किया गया। अयोध्या में राम मंदिर में श्रीराम की मूर्ति स्थापित का आज विधि विधान पूर्व प्राण प्रतिष्ठा की गई। श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में



दिवाली की तरह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रनहत में भी धूमधाम से संगीतमय ब्रजेश पाठक अंबिकापुर के टीम ने राम भजन से शमा बांध दिया जिससे राम भक्त भक्तिमय संगीत पर झूमते नजर आए। राम भक्तों द्वारा आतिशबाजी एवं खीर, पूड़ी भंडारा का आयोजन किया गया। रविन्द्र तिवारी, सदानंद जायसवाल, सैलेश जायसवाल, हरकेश गुप्ता, आशीष जायसवाल, विकास जायसवाल, राजेन्द्र गुप्ता, संतोष यादव, पवन सोनी, रामभरोष सांडिल्य, रामबली सिंह सहित बड़ी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

### हवन पूजन के बाद निकली शोभायात्रा, नगर में हर्ष व उल्लास का माहौल निर्मित

**बिश्रामपुर।** श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कोयलांचल बिश्रामपुर के विभिन्न मंदिरों में हवन पूजन भोग भंडारा,भजन कीर्तन के बाद शोभायात्रा का आयोजन संपन्न हुआ।नगर में मुख्य आयोजन बस स्टैंड स्थित





दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में राम जी का सहस्त्राचन,पूजन,हवन का आयोजन किया गया।दोपहर बाद हनुमान मंदिर सहित गौरी शंकर मंदिर से राम दरबार की शोभायात्रा निकाली गई जो नगर में भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची।मंदिर समितियों द्वारा इस पावन अवसर पर भोग भंडारा का भी आयोजन किया गया था।गुरुद्वारा चौक में भी बर्फानी बाबा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा भंडारा प्रसाद की व्यवस्था कर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कराया गया।शाम के समय आरती के बाद दीप दान के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। आयोजन को सफल बनाने मंदिर समिति के सदस्य सक्रिय रहे।इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर प्रांगण स्थित हर हर महादेव मंदिर में भी महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

**बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के सदस्य रहे सक्रिय-** राम मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप देने राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ,बजरंग दल, व दुर्गा वाहिनी के सदस्य पिछले एक माह से सक्रिय रहकर अलग अलग माध्यमों से इस उत्सव के आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया। कलश यात्रा,पूजित अक्षत्र कलश आमंत्रण आदि सभी में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी सक्रिय रहे। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को भगवा ध्वज पताकों से सजाया गया, साथ ही सड़क के किनारे व प्रमुख स्थलों में कलर पेंट की रंगोली बनाई गई ।आयोजन को लेकर पिछले पखवाड़े भर से लोग तैयारी में जुटे थे।

### परशुराम धाम में रामलला प्राण प्रतिष्ठा का हुआ सीधा प्रसारण

**सूरजपुर।** सूरजपुर के परशुराम धाम में आज श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रामलला मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण, मानस गान व आरती का विविध आयोजन शहर वासियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। जग-जग जोत जली है, राम आरती होने लगी है गीत से मानस मंडली ने सुंदर समां बांधा। शहर वासियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से रामलला मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा देखा। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा होने के पश्चात कलेक्टर रोहित व्यास ने राम भगवान के तैलय चित्र पर पूजा अर्चना कर परशुराम भगवान से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में



उपस्थित लोगों ने क्रमवार भगवान के चरणों में पुष्प अर्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा भी जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। हनुमान मंदिर पर्री, मां बागेश्वरी धाम कुदरगढ देवी मंदिर, दुर्गा बाड़ी मन्दिर, राम जानकी मंदिर, शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दीप प्रज्जवलन और दीपदान जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पासंग नाला पर श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु किया गया भूमिपूजन

**बिश्रामपुर/मदनपुर।** भगवान श्रीराम के अयोध्या में भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में वीरपुर व शिवसागरपुर के मध्य स्थित पासंग नाला के पास भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत वीरपुर व शिवसागरपुर के मध्य स्थित पासंग नाला किनारे सोमवार को कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित पांच जोड़ों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु भूमिपूजन की गई। यहां पर कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व ठाकुर राजवाड़े के अलावा



सपूरन रवि, रामचरण राजवाड़े, गोकुल सिंह, बुधराम राजवाड़े ने सपत्निक अनुष्ठान में बैठकर विधिवत पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में कोरिया के सह संघचालक ललितेश्वर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती, ओम प्रकाश राजवाड़े, अमरदीप सिंह, अनीश गुप्ता, विवेकानंद विश्वास, दितेश राय, राजेश कुशवाहा, दिनेश सिंह, सरपंच क्रमशः चंद्रभान, रामकरण अगरिया, विश्वनाथ अगरिया, तिलेश्वर सिंह, छतरधारी सिंह, ललन सिंह, पूर्व सरपंच देव साय पैकरा व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



### बटालियन कैंप स्थित नवनिर्मित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज के बारहवीं बटालियन कैंप में नवनिर्मित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण कार्य बटालियन के जवानों द्वारा कराया गया है, जहां तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। 22 जनवरी को विधि-विधान पूर्वक मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। दौरान भगवान शिव भक्तों द्वारा शिव चर्चा एवं भजन-कीर्तन किया गया जिसके बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। बारहवीं बटालियन कैंप में नवनिर्मित त्र्यंबकेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए. हवन-पूजन के साथ प्राण-प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।



### सिंधी समाज के लोगों ने शोभायात्रा का किया स्वागत

**अम्बिकापुर।** राम जन्मभूमि अयोध्या में रामलल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सिंधी समाज द्वारा शोभा यात्रा का सिंधी समाज के लोगों ने तिलक लगाकर देवीगंज रोड में स्वागत किया एवं प्रसाद वितरण करके समाज के सभी पुरूष, महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़ के स्वागत में भाग लिया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की खुशी जाहिर की जिसमें समाज के अशोक नागवानी, प्रकाश जसवानी, राजीव जसवानी, अमर बचवानी, संजू मनवानी, अमृत रेलवानी, सुरेश नागदेव, सुरेश भोजवानी, दिलीप रेलवानी, रामाजी आदि शामिल थे।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर चौथा रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होम्योपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कालोनी, नवागढ़, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग
नेत्र रोग विभाग
दंत रोग विभाग
स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग
सर्जरी विभाग
शिशु रोग
हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 27 जनवरी 2024 शनिवार
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
दिनांक - 28 जनवरी 2024, रविवार
डॉ. आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट)
कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. भाविक शाह
डी.एन.बी. (मेडिसीन) डी.एन.बी. (गैस्ट्रो) एम. आर.सी.पी.एस.सी.ई. (गैस्ट्रो)
पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल अहलुवालिया
एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जरी
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
24x7
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
26 जनवरी 2024, शुक्रवार
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
ह्रदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक-28 जनवरी 2024, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन - बुधवार
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
■ आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
■ दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
■ किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
■ पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
■ किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टेटट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)


mahindra Rise
महिंद्रा ट्रैक्टर्स
टफ़ हरदम
भारत वर्ष के समस्त देशवासियों को
अयोध्या नगरी के श्रीराम जन्मभूमि में मर्यादा पुरूषोत्तम
भगवान श्री राम के प्राण -प्रतिष्ठा
के उपलक्ष पर हमारी ओर से अनंत शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाईयां......
|| जय श्री राम ||
सतीश मिश्रा (लवली)
मनीष मिश्रा (गुंजन)
अधिकृत विक्रेता
शास्त्री ऑटोमोबाईल्स
मो.नं. 9826876896
7869007475
वेबसाईट - www.shastriautomobiles.com
खरसिया नाका, रिंग रोड, महामाया मंदिर मार्ग, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
शाखाएं - सीतापुर, लुण्ड्रा, मैनपाट, बतौली, उदयपुर और लखनपुर

## खबर संक्षेप



### राममय हुआ माहौल, निकाली गई शोभायात्रा

**धौरपुर।** क्षेत्र के मंदिरों में पिछले दो दिनों से चल रहे रामायण एवं हनुमान चालीसा पाठ, अखण्ड कीर्तन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के कारण वातावरण राममय हो गया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में क्षेत्र के देवालयों की भव्य सजावट करने के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए हैं। रामभक्त लगातार शोभा यात्रा एवं रैली निकालकर वातावरण को धर्ममय बना दिए है। क्षेत्र के मंदिरों में पिछले दो दिनों से चल रहे रामायण एवं हनुमान चालीसा पाठ, अखण्ड कीर्तन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के कारण वातावरण राममय हो गया है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में क्षेत्र के देवालयों की भव्य सजावट करने के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए हैं। रामभक्त लगातार शोभा यात्रा एवं रैली निकालकर वातावरण को धर्ममय बना दिए है। रामभक्तों ने ग्राम जोरी स्थित शिवमंदिर से रैली निकाल कई गांवों में भक्ति का माहौल बनाया। रैली जोरी ग्राम का भ्रमण कर ग्राम बिल्हमा, असनडीह शिव मंदिर, दुन्दु समलाया मंदिर, सरईडीह, भिलाई कला, धौरपुर ठाकुर बाड़ी मंदिर से कुदर होकर जोरी वापस पहुंची। इस दौरान श्रीराम के जयकारे से पूरा वातावरण गुजंयमान रहा । रैली के साथ राम-सीता-लक्ष्मण की झाँकी भी निकाली गई। प्राण प्रतिष्ठा के दिन जोरी शिव मंदिर में सुबह 8 बजे से अखण्ड कीर्तन किया गया। क्षेत्र के सभी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करने के साथ घर-घर दिवाली मनाई गई। रामभक्त लगातार रैली एवं श्री राम-सीता की झांकी निकालकर वातावरण को राममय बना दिया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों में अखण्ड कीर्तन, भजन, सुंदरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है। क्षेत्र के महिला पुरूष मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर रहे है। ग्राम धौरपुर, जोरी, दुन्दु, असनडीह, छेरमुंडा, पटोरा, बरडीह, करोली, पंडोली लुण्ड्रा के मंदिरों में पूरे दिन भारी भीड़ रही। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चितरपुर के ग्रामीणों ने रैल निकाल डूमरडीह, ककनी, दिवरी से धौरपुर ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे एवं भजन में भागीदारी कर वापस चितरपुर लौटे।

### नावापारा में निकाली गई श्रीराम की झांकी, किया गया कार्यक्रम का प्रसारण



**अम्बिकापुर।** शहर के नवापारा बजरंग मैदान में आइये मिलकर अम्बिकापुर को अयोध्या बनाए थीम पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी पर दिखाया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा एवं विजय महामंत्र के पाठ उपरांत छोटे बच्चों से सजी श्रीराम दरबार की झांकी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल को विभिन्न धार्मिक स्वरूपों से सजाया गया था।

### श्रीराम त्रिमार्ग में धनुष तीर गदा की स्थापना



**बैकुण्ठपुर।** अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के वार्ड क्रमांक 6 गुरुनानक वार्ड परियोजना कालोनी में पार्षद एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव के मार्गदर्शन और नेतृत्व में वार्डवासियों की सहभागिता से श्रीराम त्रिमार्ग में धनुष तीर एवं गदा की स्थापना करते हुए प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया साथ ही प्रेमाबाग से आरंभ हुए श्रीराम रैली के आगमन पर पुष्पगुच्छ एवं पुष्पवर्षा से रैली का स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी सभी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में वार्डवासियों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति हुई।

## जगह-जगह आयोजित हुए धार्मिक अनुष्ठान

# जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा सरगुजा, निकली शोभायात्रा







शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पल जिलेभर में उत्सव के रूप में मनाया गया। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिलेभर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाने के लिए शहर को भव्य रूप से सजाया गया वहीं राम मंदिर सहित अन्य मंदिरों से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शहर भ्रमण कर घड़ी चौक होते हुए स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर आज सुबह से ही राम मंदिर, हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर में रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे थे। प्राण प्रतिष्ठा को उत्सव के रूप में मनाने के लिए राम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर के बाहर मुख्य मार्ग पर कार्पेट बिछाई गई थी जबकि भगवा रंग से पूरे मार्ग को रंग दिया गया था। राम मंदिर में भी बड़े पैमाने पर सजावट की गई थी। राम मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। आज रामायण पाठ की पूर्णाहुति उपरान्त आरती की गई। इसके साथ ही मंदिर में भंडारे का आयोजन वृहद पैमाने पर किया गया। रामलला के दर्शन हेतु आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से पहुंच रहे थे। इस दौरान मंदिर के साथ ही शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। दोपहर ढाई बजे राम मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ निकाली गई शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। समाज के लोगों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा राम मंदिर से सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज रोड होते हुए घड़ी चौक पहुंची जहां शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। शोभा यात्रा घड़ी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम पहुंची जहां दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया गया।

**खास बात**

- दिन भर चला भण्डारा, सजी सड़कें

### अलग अलग समितियों द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर की विभिन्न समितियों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। आज शहर के दुर्गा मंदिर, नमनाकला सहित अन्य समितियों द्वारा शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। जयश्री राम के जयघोष के साथ निकाली गई शोभा यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उत्साह में युवक युवतियां भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। शोभा यात्रा का लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। विभिन्न समितियों द्वारा भी निकाली गई शोभा यात्रा राम मंदिर की शोभायात्रा में शामिल हुई जिसके बाद शोभा यात्रा गांधी स्टेडियम पहुंची।

#### जगह जगह किया गया स्वागत



रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शहर सदर रोड, महामाया चौक, देवीगंज रोड व अन्य स्थानों पर समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान गुरूद्वारा गुरू सिंह सभा ने भी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### घर-घर जले दीप, मनी दीपावली

अयोध्या में श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज शहर सहित जिलेभर में दीपावली मनाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों को केले के पत्तों, रंगोली से सजाने के साथ ही रौशनी से सजाया गया। लोगों ने घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही शाम को दीप प्रज्वलन किया और जमकर आतिशबाजी की गई।



## रामगढ़ में की गई भगवान राम की पूजा अर्चना, किया गया मानस गायन

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अदभुत क्षण के साक्षी पूरे सरगुजा वासी रहे। प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर उदयपुर अंतर्गत राम वन गमन पर्यटन परिपथ क्षेत्र रामगढ़ में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। रामगढ़ में भगवान श्री राम की प्रतिमा के समक्ष विधायक राजेश अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल, कलेक्टर विलास भोस्कर, एसपी सुनील शर्मा, आलोक दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। हवन पश्चात मंत्रोच्चार के बाद उपस्थित आमजनों के साथ संयुक्त रूप से श्री रामचरित मानस एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसके बाद अतिथियों को श्री रामचरित मानस की प्रतियां भेंट की गई। इस दौरान अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था रही जिसके प्रत्यक्ष दर्शी बन लोग भाव विभोर हो उठे। कार्यक्रम में रामायण मंडलियों ने रामचरितमानस में संकलित विभिन्न अध्यायों का मानस गायन कर श्री राम के आदर्श संदेशों को जन-जन तक पहुंचाते हुए सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान नन्हे बच्चे श्री राम, माता सीता एवं श्री लक्ष्मण की वेशभूषा में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

- राम वन गमन पर्यटन परिपथ क्षेत्र रामगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में भगवान श्री राम की प्रतिमा के समक्ष हुई विधिवत पूजा अर्चना





# 71 फीट ऊंचा राम ध्वज स्थापित, प्रज्वलित हुए सवा लाख दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर का माहौल राममय हो गया। इस दौरान क्षेत्र में जगह जगह अखंड रामायण व सुंदर कांड किया गया। इसके साथ ही शुभ अवसर पर नगर में 71 फीट ऊंचा राम ध्वज स्थापित किया गया जबकि शोभायात्रा उपरान्त लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में एक लाख दीप प्रज्वलित किए गए व जमकर आतिशबाजी की गई। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आज हनुमान वाटिका में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वही जयस्तंभ चौक स्थित दुर्गा पंडाल में रामभक्तों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। अखंड रामायण पाठ के बाद गायत्री मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ गायत्री मंदिर का बाजू में पूरे विधि विधान के साथ 71 फिट का विशाल राम ध्वज स्थापित किया गया। इस अवसर पर नया बसस्टैंड में प्रोजेक्टर के जरिये अयोध्या से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई थी जहां भारी संख्या में लोग रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। राममंदिर प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान लोगो ने जमकर श्री राम के जयकारे लगाए। दिनभर चले धार्मिक आयोजनों के बाद शाम को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर से महिलाओं ने राम सीता की झांकी के साथ दीप यात्रा निकाली। दीपयात्रा मुख्य मार्ग से नगर भ्रमण करते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। वही आदर्शनगर स्थित दुर्गा मंदिर से मथुरा वृंदावन से आये कलाकारों द्वारा राम दरबार की झांकी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों को संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा सदस्य शामिल हुए। यह शोभायात्रा आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए गायत्री मंदिर पहुंची जहाँ राम सीता लक्ष्मण के साथ हनुमानजी का पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। इसके अलावा प्रतापगढ़ से भी राम दरबार की झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई थी जो नगर भ्रमण के बाद हनुमान वाटिका में जाकर समाप्त हुई व प्रतापगढ़ के रामभक्तों द्वारा हनुमान वाटिका में भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शाम ढलते ही बाद लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में सवा लाख दीप प्रज्वलित किए गए। इसके साथ ही पूरे नगर में लोगो ने अपने घरो के बाहर दीप जलाकर खुशियां मनाई।जिससे पूरा शहर दिए से जगमगा उठा था। इस दौरान रामभक्तों द्वारा जमकर आतिशबाजी भी की गई ।जिससे पूरे नगर समेत क्षेत्र का माहौल दीपावली मय हो उठा। इस आयोजन को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति एवं रामभक्तों ने अपना सहयोग प्रदान कर सफल बनाया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एसडीएम रवि राही, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी अश्विनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात थी।



पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं।



### अलग अलग स्थानों से 78 बोरी अवैध धान व पिकअप जब्त

**बलरामपुर /रामानुजगंज।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन की टीम द्वारा 78 बोरी अवैध धान जब्त किया है। इसके साथ ही टीम ने धान परिवहन में लगे पिकअप को भी जब्त किया है। बता दें कि जिले में धान खरीदी का कार्य जोरशोर से जारी है। धान खरीदी के दौरान अवैध धान की खपत को रोकने के लिए कलेक्टर आर एक्का ने सभी निगरानी दलों, नोडल व राजस्व अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजगंज के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा उत्तरप्रदेश से आ रहे पिकअप वाहन में अवैध धान जब्त किया है। पिकअप में 30 बोरी धान रखकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था जिसे राजस्व विभाग की टीम ने जांच के दौरान जब्त कर सनावल थाना में सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार ग्राम चन्दननगर में सद्दाम के द्वारा सुनील लकड़ा के घर में अवैध रूप से 48 बोरी धान भण्डारित कर रखा गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### लक्ष्मीनारायण एवं महाकालेश्वर मंदिर में शुरू हुई सात दिवसीय भागवत कथा

**प्रतापपुर।** ग्राम मसगा स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण व महाकालेश्वर मंदिर में प्रारंभ हुआ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा। 22 से 29 जनवरी तक भागवत कथा श्रीधाम वृंदावन से आये कथा वाचक व्यास पूज्य अनादि महाराज द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा सुनाएंगे। प्रतापपुर के ग्राम मसगा में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन लक्ष्मीनारायण बैकुंठपुरी मंदिर ग्राम मसगा में श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन 22 से 29 जनवरी तक किया जाना है। वृंदावन धाम से आए कथा वाचक व्यास पूज्य अनादि महाराज और समस्त ग्रामवासी श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। आज सुबह कलश यात्रा बाबा भोले नाथ नगरी शिवपुर से जल उठाकर नया बस स्टेंट, पुराना बस स्टेट होते हुए राजघराना चौक, कदमपारा चौक, शांतिनगर, चाचीडॉड़ टुकुडॉड़ मसगा मन्दिर लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुंचे। इसके बाद कथा की प्राम्भ होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। 23 जनवरी को कथा प्राम्भ होगा और उसी दौरान सुखदेव जी दिव्य दर्शन होगा। 24 जनवरी को भोले बाबा का दिव्य दर्शन, 25 को भगवान कृष्ण जन्म उत्सव, 26 को कृष्ण लीला, मटकी फोड़,गोवर्धन पूजा, 27 को कृष्ण रुकमणी विवाह उत्सव, 28 को सुदामा चरित्र एवं फूलो की होली होगी और कथा समाप्त होगा। 29 जनवरी को पूर्णाहूर्ति के साथ समापन होगा। लक्ष्मीनारायण मंदिर के मुख्य यजमान दिलबोध राम, मानकुंवर श्याम, सुनील श्याम, मन्दिर पुजारी इंद्रेश दुबे, समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल, राजाराम राजवाड़े, तुपेश्वर राजवाड़े, रितेश यादव, सुमन्त प्रजापति, नवीन जायसवाल,अशोक जायसवाल, बादल सूर्या, अजय जायसवाल, मोहन भोय, श्रवण सोनी, शिवकुमार जायसवाल सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है, मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि- स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता — MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. प्राची जायसवाल — MBBS, DGO स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप जायसवाल — MBBS, MS जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — एम. डी. फिजीशियन
डॉ. ए. के. श्रीवास्तव — जनरल फिजीशियन
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि — BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता — MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता — MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले — MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता — MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह — MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध